जिला : बुरहानपुर

विकास खण्ड : बुरहानपुर

**न्युनतम वन क्षैत्र प्रभावित होने के संबंध में तुलनात्मक दृष्टि से न्युनतम तीन ऐसे विकल्प परीक्षणों का उपयुक्त स्केल के नक्शे पर दर्शाते हुए उनकी परीक्षणात्मक टीप**

| वैकल्पिक बांध स्थल 1 | वैकल्पिक बांध स्थल 2 | वैकल्पिक बांध स्थल –3 |
|---|---|---|
| अमरावती नदी पर जिला बुरहानपुर के अन्तर्गत राजस्व भूमि पर सिंचाई परियोजना हेतु निरीक्षण किया गया। तकनीकी रूप से नदी के किनारे ऊंचे – ऊंचे नहीं पाये गये। जिससे कहीं भी परियोजना का निर्माण नहीं हो सकता था। इसलिये राजस्व सीमा से जुड़ी हुई वन सीमा पर अमरावती नदी के दोनो तटों पर ऊंचे –ऊंचे पहाड़ पाये गये। बांध निर्माण हेतु स्थल का चयन किया गया एवं निरीक्षण व सर्वेक्षण किया गया । चयनित स्थल पर बांध की लम्बाई 2000 मी.(2.00 कि.मी) ऊंचाई 28 मी. एवं अधिक समतल होने के कारण डूब क्षेत्र लगभग 380 हेक्टर आने की संभावना थी एवं डूब क्षेत्र में वन ग्राम चौण्डी पूर्ण रूप से डूब से प्रभावित हो रहा था। जिससे वनग्राम चोण्डी का पूर्ण रूप से पुर्नबसाहट करना आवश्यक होता। जिससे बांध, नहर वन भूमि का मुआवजा एवं ग्राम का मुआवजा व पुर्नबसाहट की लागत से परियोजना की लागत बहुत अधिक आती और म.प्र. शासन के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप नहीं होने के कारण परियोजना उक्त स्थल पर चयन किया जाना तकनीकी रूप से उपयुक्त नहीं है। | वैकल्पिक बांध स्थल –1 से 500 मी. ऊपर (अपस्ट्रीम) वन सीमा से वन के अन्दर लगभग 500 मी. पर बांध स्थल का निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किया गया । चयनित स्थल पर बांध की लम्बाई 1800 मी. (1.80 कि.मी.) एवं ऊंचाई 28 मी. आती है। डूब क्षेत्र लगभग 330 हेक्टर प्रभावित हो रहा था। किन्तु स्पिल चेनल के निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल नहीं होने एवं बांध के नीचे वनग्राम चौण्डी बहुत पास में आ रहा था। जिससे सिपेज वाटर के कारण डाऊन स्ट्रीम की जमीन दलदल एवं नमी होने के कारण वन ग्राम चौण्डी के निवासीयों की सुरक्षा को भी खतरा पैदा हो सकता था। या पुर्नबसाहट करना अत्यन्त आवश्यक रहता। इन्ही कारणों से विकल्प–2 पर चयनित स्थल तकनीकी रूप से उपयुक्त नहीं पाया गया। | वैकल्पिक बांध स्थल –2 से लगभग 500 मी. उपर बांध स्थल के चयन हेतु स्थल का निरीक्षण एवं सेर्वक्षण किया गया चयनित स्थल पर बांध स्थल की लम्बाई 1300 मी.(1.30 कि.मी) एवं ऊंचाई 29 मी एवं तकनीकी दृष्टि से बांध की लम्बाई, ऊंचाई, स्पिल चेनल की स्थिति प्रभावित मार्ग का विकल्प डूब क्षेत्र कम होना एवं भराव क्षमता अधिक होने से स्थल उचित पाया गया तथा नीचे बसा हुआ वनग्राम चौण्डी को कोई खतरा नहीं होने से। इन तीनों विकल्पों का निरीक्षण विभाग के मुख्य अभियन्ता नर्मदा ताप्ती कछार इन्दौर (म.प्र) द्वारा निरीक्षण किया गया एवं सभी तकनीकी बिन्दुओं के आधार पर तीनों विकल्पों के तुलनात्मक अध्ययन करने के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि विकल्प क्रं.–3 तकनीकी रूप से बांध निर्माण हेतु उपयुक्त स्थल है। एवं बांध निर्माण हेतु विस्तृत सर्वेक्षण किया जाकर डी.पी.आर. प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। |

अनुविभागीय अधिकारी,
जल संसाधन उपसंभाग क्र.1
बुरहानपुर

कार्यपालन यंत्री,
जल संसाधन संभाग,
बुरहानपुर